चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 27 मार्च 2025
वर्ष 6, अंक 125, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार



# एसआरएमएस में तीन दिवसीय हैकथॉन कल से

**बरेली, अमृत विचार:** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 27 मार्च से तीन दिवसीय हैकथॉन 3.0 शुरू होगी। इसमें प्रौद्योगिकी, नवाचार और आपदा प्रबंधन के क्षेत्रों के वक्ता संबोधित करेंगे।

प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि कॉलेज के इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से टेक एज सेल की ओर से आयोजित होने वाली हैकथॉन का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के लिए नवाचार और तकीनीकी समाधानों को बढ़ावा देना है। यह प्रतिभाशाली विद्यार्थी आपदाओं को कम करने के लिए टिकाऊ और परिपत्र समाधान विकसित करने का मंच है। इसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना राज्य के विभिन्न कालेजों की 43 टीमों के 157 प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। इसमें मध्य प्रदेश और तमिलनाडु के 15-15 प्रतिभागी, तेलंगाना के 6 और उत्तर प्रदेश के 35 प्रतिभागी शामिल हैं। वि